Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to provide ATM and other modern facilities in post offices in Medinipur Parliamentary Constituency, West Bengal.

श्रीमती संध्या राय (मेदीनिपुर): माननीय स्पीकर मैडम, आज मुझे पहली बार सदन में बोलने का मौका मिला इसलिए मैं आपका आभारी हूं। मैं सदन में एक अह्म मुद्दों पोस्ट-ऑफिसेज पर बोलना चाहती हूं। सभी लोगों का सपना था कि भारत डिजीटल इंडिया बनेगा लेकिन अफसोस की बात है कि पोस्ट-ऑफिसेज अभी तक डिजीटलाइज्ड नहीं हो पाये हैं। इसके साथ-साथ मेरे क्षेत्र में एटीएम परिसेवा भी चालू नहीं हो पायी है। …(व्यवधान)

मैं चाहती हूं कि पश्चिमी मेदीनिपुर, बंगाल के सभी गांव और शहर के पोस्ट ऑफिसेज में एटीएम परिसेवा और मार्डन सुविधाएं ग्राहकों को दी जाए, इसके होने से पोस्ट ऑफिसेज में ग्राहकों की संख्या बढ़ेगी और पोस्ट ऑफिसेज की अह्मयित सभी लोगों को समझ आएगी और यह सभी के लिए लाभदायक भी होगा। धन्यवाद। नमस्कार।